दिनांक : 19.01.2023 को प्रेम समूह की प्रथम बैठक का कार्यवृत ।

क्र.सं.	मद	अभियुक्ति
1.0	**श्री एस.एन.पी. श्रीवास्तव, महासचिव, ईसीआरकेयू**	
1.0	प्लांट डिपो डीडीयू में कई देशों का मशीन उपयोग में लाया जाता है परंतु इसके परिचालन हेतु सशक्त प्रशिक्षण स्कूल का अभाव है । अत : इन मशीनों को कुशलता से परिचालन करने हेतु प्रशिक्षण के लिए सशक्त प्रशिक्षण स्कूल खोला जाना चाहिए।	प्रमुइं
1.2	वर्तमान प्रशिक्षण केंद्र अद्यतन तकनीक के विश्लेषण में दक्ष होने चाहिए ।	प्रमुपरिप्र,प्रमुइं,प्रमुविइं,प्रमुवाप्र,प्रमुयांइं, प्रमुसिदुइं,
1.3	रिफ्रेशर कोर्स में जाने वाले रेल कर्मियों एवं ट्रेनिंग स्कूल में पढ़ाने वाले अनुदेशकों को तकनीकी मशीनों को परिचालित करने हेतु प्रशिक्षित किया जाए ।	प्रमुकाधि,प्रमुपरिप्र,प्रमुइं, प्रमुविइं,प्रमुवाप्र प्रमुयांइं,प्रमुसिदुइं
1.4	रिफ्रेसर कोर्स में ट्रेन क्रू को इस प्रकार प्रशिक्षित किया जाए कि वे आपातकाल में ब्लॉक सेक्शन को क्लियर कर सकें ।	प्रमुविइं,प्रमुयांइं,प्रमुपरिप्र
1.5	एसेट के अनुरक्षण के लिए रेल कर्मचारियों एवं ठेकेदारों द्वारा किए जाने वाले कार्य स्पष्ट रूप से पारिभाषित होने चाहिए ।	प्रमुइं,प्रमुविइं,प्रमुवाप्र,प्रमुयांइं,प्रमुसिदुइं,
1.6	ठेकेदार द्वारा किये जाने वाले कार्य को यूनिटवार प्रदर्शित होना चाहिए तथा इसकी प्रति यूनियन को भी दिया जाना चाहिए ।	प्रमुइं, प्रमुविइं,प्रमुयांइं,प्रमुसिदुइं,प्रमुवाप्र
1.7	एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले मानव शक्तियों का कुशल होना सुनिश्चित किया जाए ।	प्रमुइं,प्रमुवाप्र,मुप्राधि(नि),प्रमुविइं,प्रमुयांइं ,प्रमुसिदुइं,
1.8	एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली मानव शक्तियों की उपस्थिति यांत्रिक रूप (डिजिटल) से किया जाना सुनिश्चित किया जाय।	प्रमुइं,प्रमुवाप्र,मुप्राधि(नि),प्रमुविइं, प्रमुयांइं, प्रमुसिदुइं,
1.9	आरा–पटना, गया–पटना एवं मोकामा–पटना खंड पर कार्यालय समय में गाड़ियों में सघन भीड़–भाड़ को क्लियर करने के लिए समुचित योजना बनाई जानी चाहिए ।	प्रमुपरिप्र
1.10	पीजी सेक्शन में ट्रेनों की छतों पर यात्रा पर प्रतिबंध लगाया जाए।	मरेप्र / दानापुर, प्रमुसुआ
1.11	ए सी कोच में कार्यरत ठेकेदार के प्राईवेट कर्मी आई टी आई या डिप्लोमा होने चाहिए।	प्रमुयांइं, प्रमुविइं
1.12	रेलवे के कार्यों में लगे एजेंसियों पर रेलवे द्वारा नियंत्रण की पद्धति मजबूत की जानी चाहिए ।	प्रमुविइं,प्रमुपरिप्र,प्रमुवाप्र,प्रमुयांइं,प्रमुइं, प्रमुसिदुइं,
1.13	माल लदान को बढ़ाने के लिए रेल से दूर जा चुके छोटे–छोटे व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कर पुनः रेलवे की ओर आकर्षित किया जाना चाहिए तथा पार्सल के लदान हेतु गाड़ियों का ठहराव आवश्यकतानुसार बढ़ाया जाना चाहिए। ।	प्रमुपरिप्र,प्रमुवाप्र
1.14	रेलवे साइडिंग हमेशा सघन आबादी से दूर ही बनाई जानी चाहिए । चाकंद की रेलवे साइडिंग को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि जहानाबाद स्टेशन की साइडिंग में अनलोडिंग एवं लोडिंग से उत्पन्न समस्या से निजात मिल सके ।	प्रमुपरिप्र, प्रमुवाप्र,प्रमुइं,मरेप्र / दानापुर
1.15	फतुहा गुड्स शेड में कर्मचारियों की कमी को अतिशीघ्र दूर किया जाए ।	प्रमुवाप्र
1.16	सीतामढ़ी स्टेशन पर यात्रियों के भीड़–भाड़ के समय टिकट काउंटर पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए ।	प्रमुवाप्र,मरेप्र / समस्तीपुर

1.17	माल गोदाम में व्यापारियों की अवश्यकता के अनुकुल संरचनात्मक सुविधाएं बढ़ाई जानी चाहिए ताकि लदान अधिकाधिक हो सके ।	प्रमुवाप्र
1.18	माल लदान वाले स्थलों पर 24 घंटे बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कर इस संबंध में प्रचार प्रसार हेतु पब्लिक फोरम(पेपर आदि) पर डाला जाना चाहिए कि **"इस माल लदान स्थल पर 24 घंटे लदान का कार्य होता है।"**	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र,प्रमुविइं, मुजंसधि
2.0	**श्री एस.डी. मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष, ईसीआरकेयू**	
2.1	कोच एवं वैगन की विफलता का मुख्य कारण ब्रेक प्रणाली है, इसके लिए बीपी एवं एफपी पाइप को ठीक प्रकार से जांच कर लगाया जाना चाहिए तथा अनुरक्षण के दौरान सभी ब्रेक गियरों को उचित रूप से जांच की जानी चाहिए ।	प्रमुयांइं
2.2	हॉट एक्सल एवं रोलर बियरिंग का उचित रूप से थर्मल स्कैनिंग एवं तापमान की रिडिंग निर्धारित स्थान पर की जानी चाहिए ।	प्रमुयांइं
2.3	ट्रेन पार्टिंग को रोकने के लिए स्क्रू एवं बफिंग गियर के साथ–साथ सीबीसी कपलिंग को उचित प्रकार से लगाया जाना चाहिए ।	प्रमुयांइं
2.4	पहियों की विफलता (Wheel shelling) रोकने के लिए एलएचबी कोच का उचित रख–रखाव की जानी चाहिए । इसके मासिक एवं त्रैमासिक अनुरक्षण में डंप वल्वों की सफाई उचित रूप से की जानी चाहिए तथा समय–समय पर इस संबंध में मुख्यालय एवं आरडीएसओ के निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए एवं WSP का उचित प्रकार प्रयोग किया जाना चाहिए।	प्रमुयांइं
2.5	मशीनों का एएमसी उचित रूप से किया जाना चाहिए ।	प्रमुयांइं,प्रमुसाप्र
2.6	कोच में लगे स्प्रिंग के नीचे की जंग को उचित रूप से सफाई की जानी चाहिए तथा इसकी रंगाई भी की जानी चाहिए तथा ये उचित रूप से जुड़े होने चाहिए।	प्रमुयांइं
2.7	वातानुकूलन एवं लाइटिंग उपस्करों को समुचित रूप से लगाया जाना चाहिए ।	प्रमुयांइं, प्रमुविइं
2.8	रेल, फिश प्लेट, पेंड्रॉल क्लिप की विफलता से बचने के लिए ट्रैक मशीन का प्रयोग किया जाना चाहिए ।	प्रमुइं
2.9	टीआरडी की विफलता से बचने के लिए ओएचइ एवं ट्रिपिंग के ब्रेक डाउन में कमी लाई जानी चाहिए ।	प्रमुविइं
2.10	सिग्नलिंग की विफलता से बचने के लिए सिग्नल, प्वाइंट, ट्रैक सर्किट आदि की विफलता से बचना चाहिए ।	प्रमुसिदुइं,
2.11	सिग्नल की विफलता से बचने के लिए सिग्नल से संबंधित उपस्करों का शिड्यूल जांच समय पर की जानी चाहिए ।	प्रमुसिदुइं
2.12	सभी प्रशिक्षण केंद्रों का समय–समय पर निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।	प्रमुकाधि,प्रमुपरिप्र,प्रमुइं,प्रमुविइं,प्रमुवाप्र प्रमुयांइं,प्रमुसिदुइं,
2.13	माल लदान को बढ़ाने के लिए ग्राहकों को समुचित संख्या में रेक उपलब्ध कराया जाना चाहिए ।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र
2.14	ग्राहकों की आवश्यकताओं को जानने एवं उसमें आने वाली कठिनाईयों को दूर करने के लिए उनके साथ समय–समय पर बैठक आयोजित की जाय।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र
2.15	माल गाड़ियों को समय पर कू उपलब्ध कराया जाए ।	प्रमुयांइं, प्रमुविइं
2.16	कैरेज एवं वैगन के परीक्षण केंद्र को आधुनिक किया जाए ।	प्रमुयांइं

2.17	गाड़ी परीक्षण प्वाइंट के सभी रिक्तियों को भरा जाए।	प्रमुकाधि, प्रमुयांइं , प्रमुपरिप्र
2.18	इंटरचेंजिंग प्वाइंट पर होने वाले विलंबन की निगरानी की जाए ।	प्रमुपरिप्र
2.19	माल गाड़ियों को अंतिम स्टेशन तक पहुंचाने में वरीयता दी जाए ।	प्रमुपरिप्र, प्रमुवाप्र
2.20	कोयला एवं अन्य उद्योगों के प्रबंधन के साथ समय–समय पर बैठक की जाए।	प्रमुपरिप्र, प्रमुवाप्र
2.21	टिकट की बिक्री बढ़ाने के लिए समय–समय पर टिकट जांच की जाए ।	प्रमुवाप्र
2.22	डीपो में आरडीएसओ एवं रेलवे बोर्ड के दिशा निर्देशोंका पालन किया जाना चाहिए।	प्रमुयांइं
3.0	**श्री पवन कुमार राम, जोनल सचिव, एससी/एसटी एशो0**	
3.1	मशीनों का क्रय उसकी उपयोगिता की योजना को ध्यान में रखकर किया जाना सुनिश्चित की जाए तथा सिर्फ ब्रांडेड सामग्री ही खरीदी जाए न कि '' सिमिलर टू''। इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर एसओपी में सुधार तथा यदि आवश्यक हो तो रेलवे बोर्ड से संपर्क भी किया जाए।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
3.2	एजेंसियों द्वारा कुशल एवं व्यवहारिक मानव शक्ति का ही प्रयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।	प्रमुवाप्र, प्रमुयांइं
3.3	रेलवे द्वारा पूछताछ काउंटर पर स्नातक डिग्रीधारी कर्मचारी को लगाया जाता है परंतु एजेंसियों द्वारा कम योग्यता वाले कर्मचारियों को लगाया जाता है इससे रेलवे की छवि घुमिल होती है । इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है ।	प्रमुवाप्र,
3.4	यह सुनिश्चित किया जाए कि एजेंसियों को सौंपा गया कार्य रेलवे कर्मचारियों से नहीं कराया जाए । ऐसा संज्ञान में आया है कि मोकामा में टीआरडी से संबंधित कार्य कर रहे एजेंसियों को सौंपा गया कार्य रेल कर्मियों से करा लिया गया है और उसका भुगतान एजेंसी को किया गया है ।	मरेप्र/दानापुर, प्रमुविइं
3.5	मुजफ्फरपुर में माल लदान सिर्फ 9 बजे से 16 बजे तक ही किया जाता है । अतः माल लदान बढ़ाने के लिए राउंड द क्लॉक कार्य किया जाना चाहिए ।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र,मरेप्र/सोनपुर
3.6	मांग पत्रों में स्पेशीफिकेशन एवं शर्तो को कार्य स्थल पर कुशल कर्मचारियों द्वारा दिये गये सुझाव पर विचार विमर्श कर बनाया जाए तथा बाजार में उपलब्ध उपकरणों से तुलना कर सही रूप से मिलान कर ब्राडेंड कंपनियों से सही माल खरीदा जाए। • मांग पत्रों में ब्रांड ही दर्ज किया जाए न की ँपउपसंत जलचमण • आपूर्ति किये गये उपकरणों के शर्त एवं स्पेशीफिकेशन का मिलान कर ही भुगतान सुनिश्चित किया जाय।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
4.0	**श्री बी. के. दास, अध्यक्ष, ईसीआरपीओए**	
4.1	सभी उपकरणों की विफलताओं का रिपोर्ट यथार्थ रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि विफलता का सही विश्लेषण उचित प्रबंधन निर्णय हेतु उपलब्ध हो सके।	प्रमुपरिप्र,प्रमुइं,प्रमुविइं,प्रमुयांइं,प्रमुसिदुइं ,
4.2	सभी उपकरणों की विफलताओं का एकीकृत कोचिंग प्रबंधन प्रणाली में दर्ज किया जाना चाहिए तथा अधिकारियों को पूर्व व्यापी प्रभाव से डाटा	प्रमुपरिप्र

	संपादित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए ।	
4.3	जिन मशीनों एवं वैगनों का कोडल लाइफ समाप्त हो गई हो उसे तुरंत बदल दिया जाना चाहिए ।	प्रमुइं,प्रमुविइं,प्रमुवाप्र,प्रमुयांइं,प्रमुसिदुइं, मुप्राधि(नि)
4.4	मानव विफलता को रोकने के लिए टेक्नोलोजी का प्रयोग किया जाना चाहिए।	प्रमुइं,प्रमुविइं,प्रमुवाप्र,प्रमुयांइं,प्रमुसिदुइं, मुप्राधि(नि),प्रमुपरिप्र
4.5	एसेट के प्रयोगकर्ता को एसेट के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए तथा आवश्यकता पड़ने पर इनके अनुरक्षण में अधिकारी एवं कर्मचारियों को दक्ष होना चाहिए ।	प्रमुइं,प्रमुविइं,प्रमुवाप्र,प्रमुयांइं,प्रमुसिदुइं, मुप्राधि(नि),प्रमुपरिप्र
4.6	एसेट के क्रय में न्यूनतम दर निर्धारित करते समय इसकी गुणवत्ता की जांच कर ली जानी चाहिए।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
4.7	एसेट के निरीक्षण में पाई गई कमियों पर अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
4.8	एसेट का आवधिक शिड्यूल बनाकर यथा समय जांच किया जाए तथा सैंपलों की जांच में अधिकारी एवं कर्मचारियों को शामिल किया जाए ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
4.9	माल लदान में बढ़ोतरी के लिए रेक की उपलब्धता बढ़ाई जाए ।	प्रमुवाप्र
4.10	अनएग्जामिंड वैगन के कारण वैगनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सोनपुर, दानापुर एवं समस्तीपुर मंडल के अन्य आवश्यक स्थलों पर एग्जामिंड प्वाइंट बनाया जाए ।	प्रमुपरिप्र, प्रमुयांइं, मरेप्र/समस्तीपुर,सोनपुर,दानापुर
4.11	नए वैगन जैसे बीओबीआर वैगनों की संख्या अधिकतम की जाए ताकि लदान समय में कमी आ सके।	प्रमुपरिप्र, प्रमुयांइं
4.12	उत्पादन इकाईयां अपने उत्पादों का अधिकतम निश्चित प्रतिशत लदान रेलवे से किया जाना सुनिश्चित करे इसके लिए रेलवे द्वारा इन इकाईयों को लायल्टी छूट दिया जाना चाहिए।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र
4.13	दूरस्थ क्षेत्र के छोटे–छोटे स्टेशनों के तीसरी लाइन पर माल लदान के लिए आवश्यक उपाय किए जाएं ताकि छोटे–छोटे व्यापारी रेलवे की ओर आकर्षित हो सकें ।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र
4.14	हमारी ऐसी नीति होनी चाहिए कि माल लदान के लिए सीमेंट कंपनियों के साथ लंबी अवधि का करार किया जा सके ।	प्रमुवाप्र
4.15	नए सामग्री जैसे फ्लाई ऐश आदि का लदान बढ़ाने के लिए बीटीएपी जैसे वैगनो की उपलब्धता बढ़ाई जाए।	प्रमुपरिप्र, प्रमुयांइं
4.16	प्राइवेट साइडिंग,अरिगडा(झारखण्ड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड) से संबंधित लंबित कार्य पर समुचित निर्णय अतिशीघ्र लिया जाना अपेक्षित है।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र,मुपरियोप्र
4.17	माल लदान बढ़ाने के लिए वैकल्पिक गुड्स शेड उपलब्ध होने चाहिए।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र
5.0	**श्री जे.के.पी.सिंह,प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सह अध्यक्ष,ईसीआरओए**	
5.1	क्रय की गई मशीनों के लिए कमियों को ऑन द जॉब प्रशिक्षण देकर ही नियुक्त किया जाए; इस प्रकार की व्यवस्था को मजबूत किये जाने की आवश्यकता है ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
5.2	मशीनों के बारे में प्राप्त जानकारी एवं निर्देशों को आपस में बातचीत कर सार्वभौम रूप से फैलाया जाए ताकि अधिक से अधिक कर्मचारियों में इसके प्रति जागरूकता आ सके ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
5.3	माल लदान को बढ़ाने के लिए उच्च क्षमता वाला बीओबीआर वैगनों का प्रयोग किया जाना चाहिए ।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र
6.0	**श्री शिव कुमार प्रसाद, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक**	

6.1	समस्तीपुर मंडल में चीनी के लदान को रेलवे की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया जाना चाहिए । इसके लिए पर्याप्त मात्रा में रेक की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना चाहिए ।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र,मरेप्र / समस्तीपुर
7.0	**श्री राजेश कुमार, प्रधान मुख्य सिंगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर**	
7.1	वर्तमान में सिग्नल विभाग के एसेट का मेंटनेंस आवधिक आधार पर है। नई तकनीक का उपयोग करते हुए आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस का प्रयोग कर एसेट का रख–रखाव रात दिन लगातार 24 घंटे कम मानव शक्ति में ही कर लिया जाता है । इसे अन्य क्षेत्रों में भी प्रयोग कर और सुद्ढ़ किया जाना चाहिए ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
8.0	**श्री रंजन श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर**	
8.1	रेलवे बोर्ड के दिशा–निर्देशानुसार सभी रिले कक्ष में आवश्यक उपस्करों की फिटिंग बाहर होना चाहिए परंतु पूर्व मध्य रेल पर पाया गया है कि रिले कक्ष में आवश्यक उपस्करों की फिटिंग अंदर की ओर है । इन्हें बाहर कर टाइमर आधारित एसी लगाने के कार्य में तेजी लाई जानी चाहिए ।	प्रमुसिदुइं
9.0	**श्री तरूण प्रकाश, अपर महाप्रबंधक**	
9.1	ऐसा प्रयास किया जाना चाहिए कि बड़े–बड़े भवनों में लगे सभी एसी को केंद्रीकृत रूप से मॉनिटर किया जा सके ।	प्रमुविइं
10.0	**डॉ0 मनोज सिंह, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक**	
10.1	समय पालन में सुधार हेतु एसेट फेल्योर को रोका जाना चाहिए ।	प्रमुइं,प्रमुविइं,प्रमुयांइं,प्रमुसिदुइं,प्रमुसुआ
10.2	माल लदान में बढ़ोत्तरी के लिए पूर्व मध्य रेल को कोयला आधारित लदान से बहुसामग्री लदान की ओर लाये जाने की आवश्यकता है । इसके लिए सीमेंट कंपनियों को जोड़ा जाना चाहिए इसके लिए उन्हें आवश्यक मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध करायी जानी चाहिए ।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र
10.3	पूर्व मध्य रेल कृषि आधारित क्षेत्र में आता है अतः कृषि आधारित माल लदान को आकर्षित किया जाना चाहिए ।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र
10.4	हमलोगों को ऐसा प्रयास करना होगा कि परवल की लदान पुनः प्रारंभ किया जा सके ।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र
11.0	**श्री दिनेश कुमार, प्रधान प्रमुख इंजीनियर**	
11.1	एसेट फेल्योर रोकने के लिए उपलब्ध संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा इसकी कमियों की पहचान कर इसे और मजबूत किया जाना चाहिए ।	प्रमुइं,प्रमुविइं,प्रमुयांइं,प्रमुसिदुइं,प्रमुपरिप्र
11.2	जोनल स्तर पर टीआरसी की उपलब्धता सुनिश्चित कर इसे उन्नयनीकृत किया जाना चाहिए।	प्रमुइं
11.3	नये एसेट्स की अनुरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए ।	प्रमुइं,प्रमुविइं,प्रमुयांइं,प्रमुसिदुइं,प्रमुपरिप्र
11.4	नये एसेट्स की अनुरक्षण के लिए मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने पर बल दिया जाना चाहिए ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
12.0	**श्री मधुकर सिन्हा, प्रधान वित्त सलाहकार**	
12.1	पूर्व मध्य रेल पर वर्तमान में मानव श्रम से लदान का कार्य किया जाता है । माल लदान में बढ़ोत्तरी के लिए यांत्रिक रूप से की जाने वाली लदान को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसके लिए पैन इंडिया नीति पर कार्य करना चाहिए तथा इसकी शुरूआत पायलेटाइजेंशन के रूप में करना चाहिए।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र
12.2	माल लदान के लिए इस प्रकार की व्यवस्था की जाए कि यह 24 घंटे	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र

	निरंतर चलती रहे इससे वैगनों की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है ।	
12.3	माल लदान से संबंधित पब्लिक इंटरफेस का उन्नयन किया जाना चाहिए तथा वहां पर कार्यरत रेलकर्मियों को व्यवहार कुशल बनाना चाहिए ।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र,
13.0	**महाप्रबंधक सह अध्यक्ष प्रेम ग्रुप**	
	महाप्रबंधक महोदय ने बैठक में उपस्थित युनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सार्थक चर्चा के लिए प्रशंसा किया तथा निम्न बिंदुओं की ओर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया :–	
13.1	कर्मचारियों के लिए लगातार बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए तथा आपसी विमर्श को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
13.2	प्रशिक्षण केंद्रों का समय–समय पर निरीक्षण किया जाए ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
13.3	संविदा पर लगाए जाने वाले कर्मचारी भी प्रशिक्षित होने चाहिए ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
13.4	माल लदान करने वाली ग्राहकों के साथ समय–समय पर बैठक कर उनकी समस्याओं पर विमर्श किया जाना चाहिए ।	प्रमुवाप्र
13.5	मानक के अनुरूप अधिकृत विक्रेताओं द्वारा ही उचित सामग्री का क्रय किया जाए ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
13.6	रेलकर्मियों से संविदा वाले कार्य बिल्कुल ही नहीं कराया जाए ।	प्रमुइं,प्रमुविइं,प्रमुयांइं,प्रमुसिदुइं,प्रमुपरिप्र
13.7	गड़हरा में टीएक्सआर प्वाइंट बनाया जाए ।	प्रमुयांइं,
13.8	रेलवे में स्टार्टअप स्कीम को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
13.9	माल लदान के लिए सीमेंट कंपनियों के साथ आवश्कता के अनुसार लंबी अवधि के करार किये जाए ।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र
13.10	सभी विभाग ए आई एवं 5 जी आधारित तकनीक का अधिकाधिक प्रयोग करें ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
13.11	विजुअल एवं थर्मल आधारित जांच को बढ़ावा दिया जाए ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
13.12	सभी ए सी को केंद्रीकृत रूप से मॉनिटरिंग की जाए ।	प्रमुविइं,
13.13	त्वरित अनलोडिंग के तरीकों की जानकारी हेतु विशेषज्ञों की सलाह ली जाए ।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र
13.14	विफलताओं को रोकने के लिए उपलब्ध संसाधनों को मजबूत किया जाए ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
13.15	पूर्व मध्य रेल पर स्थानीय स्तर पर ही नये एसेट्स के लिए ग्रे एरिया की पहचान कर जे0पी0ओ0 इस प्रकार बनाई जाए कि रेलवे बोर्ड के निर्देशों का अवहेलना न हो ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष
13.16	पायलेटाइजेंशन पर शीघ्र कारवाई की जाए । प्रारंभ में प्रयोग के तौर पर 02–03 गुड्स शेड में शुरू किया जा सकता है। इसके लिए दनियावां से सीखा जा सकता है।	प्रमुवाप्र,प्रमुपरिप्र
13.17	गुड्स शेड का पीपीपी मोड से संबंधित डी ओ रेलवे बोर्ड को भेजा जाए।	प्रमुपरिप्र,प्रमुइं
13.18	प्रेम की अगली बैठक अप्रैल 2023 में आयोजित किया जाए। अगली बैठक में ACP चर्चा के विषय के रूप में शामिल किया जाए ।	उपमप्र
13.19	बैठक में चर्चा किए गए सभी बिंदुओं पर अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी लोग अपने–अपने क्षेत्र में निरीक्षण करें ।	सभी प्रधानविभागाध्यक्ष

******